Title: Need to provide better facilities for rail passengers in Madhya Pradesh.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : उपाध्यक्ष महोदय, रेल यात्रा को जनसामान्य के लिए और अधिक सुविधायुक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निम्न कार्य वाही करने की आवश्यकता है। लम्बी दूरी की रेल गाड़ियों में अनारक्षित और बैठकर यात्रा करने के लिए अतिरिक्त रेल कोचेज जाड़े जाएं। कोटा और रतलाम के मध्य तथा उज्जैन और मथुरा के लिए जनसामान्य के लिए ई.एम.यू. तथा यात्री गाड़ियों को चलाने के लिए शीघ्र प्रबंध करे। पिछले वा से अभी तक जिन रेलगाड़ियों के अनेक स्टेशनों पर स्टॉपेज निरस्त कर दिये गये हैं वहां पर फिर से स्टॉपेज दिये जाएं। जिन स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के स्टॉपेज की अवधि पांच मिनट से दो मिनट कर दी गई हैं वहां स्टॉपेज की अवधि पांच मिनट कर इन स्टेशनों से पूर्व में किये जा रहे पेरीशेबल शीघ्र खराब होने वाले पदार्थों को लदान की सुविधा दी जाए। महिदपुर रोड तथा उन्हेल स्टेशनों के दूसरे प्लेटफर्म का उन्नयन किया जाए तथा पेयजल, जन सुविधाओं एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था भोपाल-नागदा-रतलाम तथा नागदा से कोटा के मध्य सभी स्टेशनों पर की जाए। नागदा-रतलाम के मध्य रूनखेड़ा स्टेशन पर पैदल पार पथ तथा पालसोड़ा-मकड़ावन-उन्हेल के मध्य पालसोड़ा को फलेग स्टेशन की सुविधा दी जाए।

माननीय रेल मंत्री से अनुरोध है कि उक्त सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दें।